कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

क्रमांक जी0 बी0/दो/(67)/2019/ 1164
भोपाल,दिनांक..24-8-2020

## द्वितीय निविदा सूचना

पेपर सील के निर्धारित तकनीकी विवरण अनुसार पेपर सहित मल्टीकलर, प्रिटिंग, पैकिंग एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय करने हेतु इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीकृत इच्छुक प्रिन्टर/निविदाकारों से आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 3-9-2020 को अपराह्न 12:00 बजे तक की-डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती है।

2. ऑनलाईन तकनीकी भाग की हार्डकापी पेपर नमूनें अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित, शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सहित की -डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी भाग को दिनांक 4-9-2020 को अपराह्न 2:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा।

3. निविदा प्रपत्र एवं शर्तें अवलोकन हेतु शासकीय प्रेस की वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in पर भी रखा गया है।

4. किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

Signature Not Verified
Digitally signed by Dnyaneshwar Bhalchandra. Patil
Date: 2020.08.20 18:07:36 IST

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

OFFICE OF THE CONTROLLER
**GOVT. PRINTING AND STATIONERY, M.P., BHOPAL**

No. GB-II/ /(67)/2019/ 1164 Bhopal, Date 24.8.2020

## SECOND TENDER NOTICE

ONLINE Bids are invited through IT Department website https://.mptenders.gov.in from the Registered interested Printers/tenderers for confidential Printing work of Indian Bank Association (IBA) for Printing and supply of Paper Seal as per mentioned in technical details including Paper, Multicolour Printing, Packing and Other Charges ( inclusive all taxes ) are invited on or before
03-09-2020 at12.00 PM as per key dates.

2. Hard Copy of the Bid Documents complete in all respects, alongwith Technical tender document, certified Paper Sample, acceptation of tender condition must be received at the office of the undersigned as per key dates. Envelopes of Hard Copy and Online Technical Parts will be open on 04-09-2020 at 2.00 PM in the Office of the undersigned in the presence of such tenderers or their authorised representatives as may be present.

3. Tender document, terms and conditions of The tender are also available on Govt Press Website www.govtpressmp.nic.in

4. All corrigendum/amendments/changes, if any will only be issued and made available only on Website https:/.mptenders.gov.in

Signature Not Verified
Digitally signed by Dnyaneshwar Bhalchandra Patil
Date: 2020.08.20 18:06:13 IST

**Controller,**

**Govt.**

**Printing and Stationery,**

**M. P., Bhopal.**

## Key Dates and Time

| | | |
|---|---|---|
| 1. Last Date & Time for online Bids submission | : | **12.00 PM on 03-09-2020** |
| 2. Last Date & Time for submission of Hard Copy | : | **01.00 PM on 04-09-2020** |
| 3. Date & Time of Opening of Technical Bids | : | **02.00 PM on 04-09-2020** |
| 4. Date & Time of Opening of Commercial Bids. | : | **04.00 PM on 04-09-2020** |

## निविदा में ऑनलाईन एवं हार्डकापी में निम्न दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. जीएसटी प्रमाण पत्र।
2. आयकर विभाग का पेनकार्ड।
3. निविदा के तकनीकी विवरण एवं शर्तो पर सहमति स्वरूप पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर।
4. तकनीकी विवरण अनुसार नमूना तैयार कर एवं पेपर सेम्पल संलग्न कर पेपर निर्माता मिल का नाम, जीएसएम एवं विवरण अनुसार डमी संलग्न करना होगा।
5. निविदा प्रपत्र रूपये 2,000=00 एवं ई.एम.डी. राशि रूपये 75,000=00 का भुगतान ऑनलाईन आई.टी विभाग के पोर्टल पर जमा कर प्रमाण स्वरूप ऑनलाईन जमा राशि का अभिलेख संलग्न करना होगा।
6. फर्म का इंडियन बैंक एसोसियेशन में जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।
7. फर्म में स्थापित मशीनों की सूची एवं देयक संलग्न करना होगा।
8. फर्म के लेटर हेड पर इस आशय का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा कि फर्म राज्य/ केन्द्र शासन के किसी भी कार्यालय में ब्लैक लिस्टेड/प्रतिबंधित नहीं है।

नोटः- समस्त दस्तावेजों की छायाप्रतियों पर निविदाकार (मुद्रक) की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में निविदा स्वीकार नही की जावेगी।

Signature Not Verified
Digitally signed by Dnyaneshwar Bhalchandra. Patil
Date: 2020.08.20 18:08:58 IST

नियंत्रक,

शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,

म0प्र0, भोपाल.

## तकनीकी विवरण एवं शर्तें

| स.क्र. | सील का नाम | विवरण | संख्या | पेपर का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हरी पेपर सील (कंट्रोल यूनिट) | आकार- 25.5 x **3.5** सेमी. **हरा रंग**. आई.बी.ए.मानक अनुसार सुरक्षा मानक प्रशिक्षण हेतु मुद्रित होगें। | 25,000 | वन साइड मल्टीकलर प्रिंटिंग 90 जी.एस.एम. सुपीरियर मेपलिथो पेपर |
| 2 | ए.बी.सी.डी. (स्ट्रिप सील) पेपर सील (कंट्रोल यूनिट) | आकार- 60 x **2.5** सेमी. **पीला रंग**. इस सील पर जहां ए.बी.सी.डी. अंकन है पर 3x3 सेमी का स्टीकर लगाना होगा. आई.बी.ए. मानक अनुसार सुरक्षा मानक प्रशिक्षण हेतु मुद्रित होगें। | 25,000 | वन साइड मल्टीकलर प्रिंटिंग 90 जी.एस.एम. सुपीरियर मेपलिथो पेपर |
| 3 | बैगनी पेपर सील (कंट्रोल यूनिट) | आकार- 55 x **1.8** सेमी. **बैगनी रंग**. पूरे पृष्ठ भाग पर स्टीकर लगाना होगा. आई.बी.ए. मानक अनुसार सुरक्षा मानक प्रशिक्षण हेतु मुद्रित होगें। | 25,000 | वन साइड मल्टीकलर प्रिंटिंग 90 जी.एस.एम. सुपीरियर मेपलिथो पेपर |
| 4 | ग्रे पेपर सील (बैलेट यूनिट) | आकार- 66 x **1.8** सेमी. **ग्रे रंग** की होगी। इस सील के पूरे पृष्ठ भाग पर स्टीकर लगाना होगा. आई.बी.ए. मानक अनुसार सुरक्षा मानक प्रशिक्षण हेतु मुद्रित होगें। | 25,000 | वन साइड मल्टीकलर प्रिंटिंग 90 जी.एस.एम. सुपीरियर मेपलिथो पेपर |
| | | आकार- 66 x **1.8** सेमी **ग्रे रंग** की होगी। इस सील के अग्र भाग पर यूनिक नबंर अंकित होगा जिसकी नबरिंग 8,50,001 से 12,26,000 तक होगी। इस सील के पूरे पृष्ठ भाग पर स्टीकर लगाना होगा, | 3,76,000 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | आई.बी.ए.मानक अनुसार सुरक्षा मानक मुद्रित होगें। | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | डी.एम.एम. पेपर सील | आकार- 30 x 3 सेमी **आसमानी रंग** की होगी पृष्ठ भाग पर D एवं M अंकन है पर 3 x 3 का स्टीकर लगाना होगा आई.बी.ए. मानक अनुसार सुरक्षा मानक प्रशिक्षण हेतु मुद्रित होगें। | 15,000 | बोथ साइड मल्टीकलर प्रिटिंग 100 जी.एस.एम. आर्ट पेपर |
| | | आकार- 30 x 3 सेमी आसमानी रंग की होगी अग्र भाग पर यूनिक नबर अंकित होगा जिसकी नबंरिग 2,75,001 से 4,17,000 तक होगी इस सील के पृष्ठ भाग पर D एवं M भाग पर 3x3 सेमी स्टीकर लगाना होगा। आई.बी.ए.मानक अनुसार सुरक्षा मानक मुद्रित होगें। | 1,42,000 | |
| 6 | एड्रैस टैग | आकार- 12 x 9 सेमी 5 एम.एम. का एक आयलेट लगेगा एवं क्रमांकित होगा। आई.बी.ए.मानक अनुसार सुरक्षा मानक प्रशिक्षण हेतु मुद्रित होगें। | 60,000 | वन साईड एक रंग मुद्रण 300 जी.एस.एम आर्ट कार्ड |
| | | आकार- 12 x 9 सेमी 5 एम.एम. का एक आयलेट लगेगा एवं क्रमांकित होगा। अग्र भाग पर यूनिक नबर अंकित होगा जिसकी नबंरिग 54,00,001 से 87,25,000 तक होगी। आई.बी.ए.मानक अनुसार सुरक्षा मानक मुद्रित होगें। | 33,25,000 | |
| 7 | स्पेशल कट टैग | आकार- 5 x 6.5 सेमी एक तरफ एक रंग में मुद्रण, दो स्थान पर डाई कंटिग, 5 एम.एम. का एक आयलेट लगेगा। आई.बी.ए.मानक अनुसार सुरक्षा मानक प्रशिक्षण हेतु मुद्रित होगें। | 25,000 | वन साईड एक रंग मुद्रण 250 जी.एस.एम आर्ट कार्ड |
| | | आकार- 5 x 6.5 सेमी एक तरफ एक रंग में मुद्रण, दो स्थान पर डाई कंटिग, 5 एम.एम. का एक आयलेट लगेगा। अग्र भाग पर यूनिक नम्बर अंकित होगा, जिसकी नबंरिग 4,12,001 | 1,53,000 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | से 5,65,000 तक होगी। आई.बी.ए.मानक अनुसार सुरक्षा मानक मुद्रित होगें। | | |

उपरोक्त तकनीकी विवरण की सामग्री के निर्धारित तकनीकी विवरण अनुसार पेपर सहित मल्टीकलर, प्रिंटिंग, पैकिंग एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय करने हेतु इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीकृत इच्छुक प्रिन्टर/निविदाकारों से आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से ऑनलाईन निविदा के अन्तर्गत दिनांक 03-09-2020 अपराह्न 12:00 बजे तक की-डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। तकनीकी भाग में प्रस्तुत दस्तावेजों की हार्डकापी की-डेट्स अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तकनीकी भाग के साथ पृथक सीट पर दर्शाए गये दस्तावेज क्रमवार प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

2. निविदाकार मुद्रक पेपर नमूनों पर जी.एस.एम., पेपर मिल का नाम उल्लेख करते हुए तकनीकी विवरण के पेपर सील मुद्रण किये जाने वाली मल्टीकलर प्रिंटिंग मशीन स्थापना के प्रमाण स्वरूप आवश्यक दस्तावेज हस्ताक्षर सहित एवं शर्तो पर सहमति हस्ताक्षर सील्ड लिफाफे में की-डेट्स अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा दिनांक 04-09-2020 को अपराह्न 2:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा।

3. तकनीकी भाग में सफल निविदाकारों की कामर्शियल भाग की-डेट्स अनुसार दिनांक 04-09-2020 को अपराह्न 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि टेण्डर ओपनिंग के समय अवश्य उपस्थित रहें।

4. उपरोक्त विवरण अनुसार सामग्री उल्लेखित अच्छी गुणवत्ता के पेपर पर मुद्रित की जाना है। पेपर सहित प्रूफ का अनुमोदन विभाग से कराने हेतु कार्यादेश प्राप्ति के 04 दिवस के अंदर 05 सेम्पल प्रस्तुत करना होगा। प्रूफ का पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जावेगा। सामग्री का प्रदाय सेम्पल अनुमोदित होने की तिथि से आधी सामग्री का प्रदाय अनिवार्यतः 20 दिवस के अन्दर एवं शेष सामग्री 30 दिवस के अन्दर प्रदाय कराना होगी। समय-सीमा में किसी भी प्रकार की वृद्धि किया जाना सम्भव नहीं होगा। देयक तीन प्रतियों में भुगतान हेतु संबंधित सचिव, म०प्र० राज्य निर्वाचन आयोग, 58, अरेरा हिल्स, निर्वाचन भवन, भोपाल को प्रस्तुत करना होगा।

5. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पायी गई

अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाई गई तो ऐसी समस्त सामग्री मुद्रक को वापस लेना होगी तथा उसके स्थान पर निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार मुद्रण कर प्रदाय की जाना होगी। इस संबंध में होने वाला समस्त व्यय मुद्रक को वहन करना पड़ेगा।

6. पेपर सीलों, एड्रैस टैग एवं स्पेशल कट टैग को सुव्यवस्थित प्लास्टिक लिफाफे में 100-100 की पैकिंग करना होगा। पेपर सीलों को 2,000 की संख्या में एड्रैस टैग एवं स्पेशल कट टैग को 5,000 की संख्या में कार्टून में पैक कर कार्टून के पृष्ठ भाग में क्रमांकित कराकर सामग्री प्रदाय करना होगा। पैकिंग इस प्रकार की जाय कि सामग्री प्रदाय स्थल तक बिना क्षति के प्राप्त हो सके एवं उनका अन्य को वितरण सुरक्षात्मक रूप से किया जा सके। मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक नमूनें सहित देयक सत्यापन हेतु विभाग को प्रस्तुत करना होंगे। सत्यापन पश्चात् देयक का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा सीधे मुद्रक को किया जावेगा।

7. मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक मुद्रण कार्य की गुणवत्ता, संख्या, माल प्राप्ति की संतुष्टि/उसकी मात्रा के प्रमाण-पत्र के साथ नमूनें सहित देयक तीन प्रतियों में सत्यापन हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा। देयक का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा सीधे मुद्रक को नियमानुसार देयकों पर लगने वाले कर का कटौत्रा कर किया जायेगा।

8. गुणवत्ता में कमी एवं प्रदाय में विलम्ब होने की स्थिति में मुद्रित सामग्री स्वीकार्य नहीं होगी एवं आंशिक विलम्ब की स्थिति में प्रति दिवस 0.5% तक शास्ति अधिरोपित की जावेगी।

9. सफल निविदाकार को इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के 3 दिवस के अन्दर कुल मुद्रण राशि की 10% राशि का एफ.डी.आर. नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म०प्र०, भोपाल के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति की राशि के रूप में जमा कर तत्काल अनुबंध निष्पादित करना होगा। निश्चित समयावधि में अनुबन्ध-पत्र हस्ताक्षर नहीं करने पर निविदा निक्षेप राशि राजसात कर ली जावेगी। साथ ही उच्च दर वाले निविदाकार को कार्य सौंपे जाने पर जो अन्तर की राशि आवेगी, उसकी वसूली भू-राजस्व के तहत की जावेगी एवं संबंधित निविदाकार को आगामी तीन वर्षों के लिए प्रतिबंधित किया जावेगा।

10. सामग्री की अनुमानित संख्या में 15% तक कमी या वृद्धि की जा सकेगी।

11. निविदा में अंकित शर्तों के अतिरिक्त निविदाकार की कोई शर्तें मान्य नहीं की जावेगी।

12. शासन द्वारा समय-समय पर जारी भुगतान संबंधी प्रतिबंधों या अपरिहार्य परिस्थिति आने के कारण यदि भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है तो लंबित भुगतान पर

किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

13. मुद्रक को प्रिंट लाईन संक्षिप्त में विभाग से अनुमति प्राप्त कर अंकित करना होगा।

14. यह निविदा आमंत्रण किसी प्रकार का कार्यादेश नहीं है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक को होगा। इसके अतिरिक्त निविदाओं के आमंत्रण के पश्चात कार्यादेश जारी करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार, नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल का होगा।

15. किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में अनुबन्ध के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, राजस्व विभाग को भेजा जावेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा। मध्यप्रदेश सुलह अधिनियम 1983 के प्रावधान लागू होंगे।

नोटः- निविदाकार शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Dnyaneshwar Bhalchandra. Patil
Date: 2020.08.20 18:12:43 IST

**नियंत्रक,**
**शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री.**
**म0प्र0, भोपाल.**